

# पिलखा भूमि



ईमेलः—manishvaidy538@gmail.com

PRGI.Reg.-CHHHIN/2023/88305

वर्ष 02 अंक 12 संजयनगर (जिला सूरजपुर छ,ग ) से प्रकाशित हिंदी मासिक सितम्बर 2025 पृष्ठ 8 मूल्य 5


## शासकीय हाई स्कूल बुन्दिया, जिला-सूरजपुर में हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया।



दिनांक– 14.09.2025 को हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम संस्था के प्राचार्य सत्यम बालाजी के द्वारा मां सरस्वती को दीप प्रज्जवलन किया गया तथा हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में हिन्दी भाषा के आवश्यकता पर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि हिन्दी भाषा ही हमारी संस्कृति तथा एक दूसरे को जोड़े रखता है। प्रत्येक विषय को समझने में सहायक होती है। अतः सभी को हिन्दी को मातृभाषा के रूप में अधिक से अधिक उपयोग करने की बात कही। उदबोधन में पूर्व माध्यमिक विद्यालय से सुरूचि गुप्ता ने भी हिन्दी भाषा को ज्यादा बोलने व लिखने की बात कहीं ।

इस उपलक्ष्य में विद्यालय के बच्चों ने हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में भाषण चित्रकला आदि प्रतियोगिता में भाग लिया उन्हें संस्था द्वारा पुरस्कृत भी किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ज्योति खलखो, श्रीमती मधु राठौर, कुमारी अनिता नेती, नबोर टाप्पो, कुमारी काजल सिंह पैकरा, उषा मैडम, अजित लकड़ा व विद्यालय के समस्त छात्र–छात्राओं ने सहयोग प्रदान किया ।

कार्यक्रम में मंच संचालन रणजीत सिंह जी ने किया तथा आभार प्रदर्शन ज्योति खलखो ने किया

## माननीय प्रधानमंत्री जी के जन्म दिवस के अवसर पर सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो, पहुंचे सीतापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,,



**पिलखा भूमि.सीतापुर**

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 75 वे जन्मदिवस के अवसर पर आज सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो एवं भारतीय जनता पार्टी सीतापुर के पदाधिकारी और कार्यकर्ता गण सीतापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे,,

और माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा देश वासियों के लिए दिए जा रहे भाषण को सुना ,

इसके उपरांत बीजेपी पदाधिकारियों , जनप्रतिनिधियों,एवं कार्यकर्ताओं के साथ हॉस्पिटल परिसर में ही केक काट कर माननीय प्रधानमंत्री जी का जन्म दिवस मनाया,,इस अवसर पर हॉस्पिटल में भर्ती मरीज को फल वितरण किया गया एवं विधायक जी ने सभी

मरीजों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली,और हॉस्पिटल में स्वास्थ्य सेवा के विषय पर जानकारी प्राप्त किया ,,

कि हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों को बेहतर उपचार सुविधा मिल रहा है कि नहीं,,,इसके उपरांत विधायक महोदय,प्रधानमंत्री जी के जन्म दिवस के अवसर पर बीजेपी के द्वारा आयोजित रक्त दान शिविर का निरीक्षण किया,और सभी लोगों से रक्त दान करने का अनुरोध किया,,

ताकि जरूरत मंद लोगों की मदद की जा सके,,, वही रक्त दान शिविर में बीजेपी के लोगों ने रक्त दान किया,,,,

## दिव्यांग खिलाड़ि यों के साहस और संघर्ष है मिसाल- मंत्री लक्ष्मी



### राज्य स्तरीय व्हीलचेयर रग्बी प्रतियोगिता के समापन समारोह में हुई शामिल

**पिलखा भूमि.रायपुर**

18 सितम्बर 2025 समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े आज रायपुर सिविल लाइन स्थित शालेम इंग्लिश मीडियम स्कूल में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय व्हीलचेयर रग्बी प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल हुईं। मंत्री ने आयोजकों और प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि व्हीलचेयर रग्बी जैसे खेल दिव्यांग खिलाड़ियों के साहस और संघर्ष की प्रेरणादायी मिसाल हैं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष श्री संजय श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे।

मंत्री राजवाड़े ने कहा कि राज्य सरकार दिव्यांगजन को मुख्यधारा से जोड़ने तथा उन्हें खेल और अन्य गतिविधियों में प्रोत्साहित करने के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं दिव्यांग खिलाड़ियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ–साथ समाज में सकारात्मक संदेश भी देती हैं। उन्होंने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय व्हीलचेयर रग्बी प्रतियोगिता के समापन समारोह में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि,खेलप्रेमी, खिलाड़ी, विद्यार्थियों और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## संपादकीय लेख

## सड़क है या है मौत का जाल,,,,,शासन की अनदेखी से आमजन परेशान

**पिलखा भूमि.संपादक–मनीष वैद्य**


सरगुजा संभाग के अंम्बिकापुर में स्थित सूरजपुर मनेद्रगढ़ मुख्य सड़क जगह–जगह गहरे गड्ढे एवं बिक्री हुई कीचड़ एवं खस्ताहाल।जिस कारण से सड़क आम लोग के लिए मौत का जाल बन गया है बारिश में इन गधों में पानी भर जाने से अक्सर दुर्घटना हो रहा हैस सड़क का ऐसा स्थिति से आम जनता काफी परेशान है। आए दिन सड़क में ऑटो रिक्शा एवं बस एवं मोटरसाइकिल पलट जाते हैं एवं आवागमन में जान का खतरा भी बना रहता है फिर भी आमजन मजबूर हो कर अपने जान को खतरे में डालकर आवागमन कर रहे हैं।,,,,,, छत्तीसगढ़ शासन तो सो रहा है आखिर आमजन कहां जाए।

गौर करने वाली बातें यहां है कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री एवं मंत्रिमंडल के चार मंत्री एवं एक सांसद इसी सरगुजा संभाग के हैं शायद मंत्री एवं सांसद जनों को संभाग का सड़कों का यह हाल दिखाई नहीं पड़ता है। क्योंकि मंत्री जनों का आवागमन इस सड़क से लग्जरी गाड़ियों में होता है तो गड्ढे एवं सड़कों का हाल कहां से पता चलने वाला है पता तो आमजन को चलता है क्योंकि उनके पास लग्जरी गाड़ियां नहीं है इसलिए परेशानियों का सामना करना पड़ता है









## गेंदा फूल की खुशबू से महक रहा महिलाओं का जीवन



**पिलखा भूमि. कांकेर**

18 सितंबर 2025 राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) अंतर्गत महिलाओं के स्व–सहायता समूह गेंदा फूल की खेती कर आजीविका संवर्धन की दिशा में नई मिसाल गढ़ रहे हैं। कांकेर जिले के महिला स्व–सहायता समूहों को बैंक लिंकेज के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया गया है। इसी राशि से समूहों की महिलाओं ने गेंदा फूल की खेती प्रारंभ की है।

उन्नत खेती की दिशा में उद्यानिकी विभाग के सहयोग से माह मई–जून में 50 से 55 महिलाओं को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण उपरांत कांकेर विकासखंड के विभिन्न ग्रामों–पीढ़ापाल से रामरहीम समूह, भीरावाही से जय अंबे समूह, कोकपुर से मां दंतेश्वरी समूह, मुरडोंगरी से पूजा समूह, किरगोली से सरस्वती समूह तथा बारदेवरी से जय अंबे समूह ने 10 से 20 डिसमिल क्षेत्र में गेंदा फूल की खेती प्रारंभ की। इस प्रकार कुल एक एकड़ भूमि में 17,600 पौधों का रोपण किया गया है। साथ ही 50 डिसमिल में अतिरिक्त 2,700 पौधे भी लगाए गए हैं।

मुरडोगरी की पूजा स्व–सहायता समूह की अध्यक्ष जगबती ने बताया कि 20 से 30 डिसमिल क्षेत्र में की गई खेती से अब तक 69 किलो फूल की उपज प्राप्त हुई है। इसे 60 से 70 रुपए प्रति किलो की दर से विक्रय कर महिलाओं ने 4,000 से 5,000 रुपए की आय अर्जित की है। उन्होंने कहा कि इस गतिविधि से वे न केवल आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं, बल्कि अन्य महिलाओं को भी रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बना रही हैं।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) अंतर्गत महिलाओं की यह पहल ग्रामीण क्षेत्र की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणादायी बन रही है। गृह कार्य के साथ–साथ रोजगार अर्जित कर महिलाएं अपने परिवारों को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही हैं। कलेक्टर श्री नीलेश क्षीरसागर, सीईओ जिला पंचायत श्री हरेश मंडावी ने बताया कि 18 सितम्बर से 35 महिलाओं को गेंदा फूल की उन्नत खेती का प्रशिक्षण आरसेटी में दिया जा रहा है। इससे महिलाएं आधुनिक तकनीकों को अपनाकर उत्पादन बढ़ा सकेंगी तथा भविष्य में अन्य जिलों में विक्रय कर अपनी आय में और वृद्धि कर पाएंगी।

## आर्थिक मदद और स्वास्थ्य सेवाओं से निखर रहा मातृत्व का सफर

पीएम मातृत्व वंदना योजना– गर्भवती महिलाओं के जीवन का मिल रही है संबल



**पिलखा भूमि. गौरेला–पेंड्रा– मरवाही**

22 सितंबर 2025 प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं के लिए एक वित्तीय सहायता प्रदान करती है। इस योजना का उद्देश्य माताओं को पर्याप्त पोषण और आराम सुनिश्चित करने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करना और मजदूरी के नुकसान की भरपाई करना है, ताकि कुपोषण के प्रभाव को कम किया जा सके। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना प्रदेश की गर्भवती महिलाओं के लिए जीवन संबल साबित हो रही है। योजना से न केवल महिलाओं को आर्थिक सहयोग मिल रहा है बल्कि समय पर स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण और पोषण आहार भी उपलब्ध हो रहा है। इस योजना के तहत पहले बच्चे के जन्म पर 5,000 रुपये और दूसरे बच्चे के जन्म पर (अगर वह लड़की है) 6,000 रुपये दिए जाते हैं।

गौरेला–पेंड्रा– मरवाही जिले की ग्राम पंचायत तेन्दुमूड़ा की श्रीमती कमला इसका सशक्त उदाहरण हैं। गर्भावस्था के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की मदद से योजना का पंजीयन कराने के बाद उन्हें नियमित स्वास्थ्य सेवाएं मिलीं। योजना की पहली किस्त में प्राप्त तीन हजार रुपए से उन्होंने पौष्टिक आहार और दवाइयां खरीदीं। वहीं प्रसव उपरांत संस्थागत प्रसव और शिशु टीकाकरण के बाद दूसरी किस्त के रूप में दो हजार रुपए और मिले। इस प्रकार कुल 5 हजार रुपए की आर्थिक सहायता से कमला और उनके शिशु की बेहतर देखभाल संभव हो सकी।

श्रीमती कमला ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें योजना से आर्थिक मदद तो मिली ही, साथ ही सही समय पर स्वास्थ्य जांच और पोषण आहार भी उपलब्ध हुआ। मेरी कामना है कि इस योजना का लाभ हर जरूरतमंद महिला तक पहुँचे।

गौरतलब है कि वर्ष 2017 से लागू प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना अब तक लाखों महिलाओं तक पहुँच चुकी है। यह योजना मातृ एवं शिशु मृत्यु दर कम करने के साथ ही महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण सुधारने में उल्लेखनीय योगदान दे रही है।

## मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने स्वास्थ्य शिविर में दी भागीदारी

### विभागीय कार्यालयों का निरीक्षण कर ली कार्यों की जानकारी










**पिलखा भूमि. भटगांव**

22 सितम्बर 2025 महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने आज भटगांव विधानसभा अंतर्गत भैयाथान में कई कार्यक्रमों में भाग लेकर क्षेत्रवासियों से संवाद स्थापित किया और विभागीय गतिविधियों की समीक्षा की।

मंत्री श्रीमती राजवाड़े इस दौरान ग्राम बंजा के उपस्वास्थ्य केंद्र में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में सम्मिलित हुईं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि, चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को निःशुल्क परामर्श एवं उपचार की सुविधा दी गई, जिससे लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिला।

मंत्री भैयाथान स्थित मंगल भवन में आयोजित अग्रसेन जयंती समारोह में भाग ली। समाज के प्रबुद्धजनों एवं नागरिकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को भव्य रूप दिया। इस अवसर पर मंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा, "अग्रसेन महाराज के आदर्शों को जीवन में अपनाकर हम समाज में भाईचारे, समानता और सह–अस्तित्व की भावना को मजबूत कर सकते हैं। हमें समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए।"

भैयाथान प्रवास के दौरान मंत्री राजवाड़े ने एसडीएम कार्यालय, तहसील कार्यालय, जनपद कार्यालय, विकासखंड कार्यालय एवं शिक्षा अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण भी किया। उन्होंने अधिकारियों–कर्मचारियों से विभिन्न कार्यों की जानकारी ली और विभागीय गतिविधियों की समीक्षा की।

## बलरामपुर–रामानुजगंज प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी डी.एन. मिश्रा निलंबित

### निःशुल्क गणवेश वितरण में अनियमितता पर हुई कार्रवाई

**पिलखा भूमि. समृद्ध मंडल**

18 सितम्बर 2025 बलरामपुर–रामानुजगंज जिले में निःशुल्क गणवेश वितरण कार्य में गंभीर अनियमितता एवं लापरवाही के फलस्वरूप प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी डी.एन. मिश्रा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इस संबंध में आज मंत्रालय महानदी भवन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है।

जारी आदेश के अनुसार डी. एन. मिश्रा के स्थान पर सूरजपुर जिले के प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। निलंबन अवधि में श्री डी.एन. मिश्रा का मुख्यालय कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग सरगुजा (अम्बिकापुर) नियत किया गया है। निलंबन काल में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

पिलखा भूमि
सरगुजा-संभाग
सूरजपुर से प्रकाशित हिंदी मासिक समाचार पत्र



# नवरात्रि और मूर्ति विसर्जन को लेकर कलेक्टर ने जारी की गाइ. डलाइन, पंडाल-ध्वनि यंत्र-पर्यावरण नियमों का पालन अनिवार्य



**पिलखा भूमि. अम्बिकापुर**

20 सितम्बर 2025 शारदीय नवरात्रि पर्व एवं आगामी मूर्ति विसर्जन को देखते हुए कले. क्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सरगुजा ने जिले में शांति, सुरक्षा और स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने हेतु विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की है। आदेश में आयोजन समितियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं नागरिकों को पालन करने के लिए स्पष्ट दिशा–निर्देश दिये गये हैं।

### पंडाल व्यवस्था

सड़क पर पंडाल लगाकर मार्ग अवरुद्ध नहीं किया जायेगा। अस्पताल, विद्यालय, एम्बुलेंस व फायर ब्रिगेड के आवागमन में बाधा नहीं आनी चाहिए। पंडाल लगाने के लिए यातायात, पुलिस एवं नगर निगम से अनुमति आवश्यक होगी। पंडाल एवं आसपास सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाये जायेंगे। विसर्जन उपरांत 12 घंटे के भीतर पंडाल व स्ट्रक्चर हटाना होगा। पंडालों में डस्टबिन रखना, प्लास्टिक सामानों का उपयोग न करना और केवल पत्तों के दोना–पत्तल का प्रयोग करना होगा। प्रसाद वितरण के दौरान वाहनों को रोकना व सड़क पर गंदगी फैलाना प्रतिबंधित रहेगा। पंडाल के आसपास व्यवस्था हेतु वालंटियर्स नियुक्त कर उनकी सूचना पुलिस को देना अनिवार्य होगा। गरबा नृत्य आयोजन हेतु संबंधित एसडीएम से पूर्व अनुमति लेना आवश्यक होगा।

### मूर्ति स्थापना

केवल मिट्टी से बनी मूर्तियों की स्थापना की अनुमति होगी। प्लास्टर ऑफ पेरिस एवं के. मिकल रंग से बनी मूर्तियों की बिक्री और स्थापना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी। मुख्य पंडाल के बाहर अतिरिक्त मूर्ति रखने की अनुमति नहीं होगी।

### ध्वनि विस्तारक यंत्र

ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग केवल सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक ही किया जा सकेगा। रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक इसका उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। ध्वनि स्तर 45 से 70 डीबी तक सीमित रहेगा तथा सभी यंत्र साउंड लिमिटर से युक्त होने चाहिए। बिना अनुमति व नियम विरुद्ध यंत्रों का उपयोग करने पर जप्ती और आपराधिक प्रकरण दर्ज होंगे। धार्मिक उन्माद फैलाने वाले व अश्लील गानों पर पूर्णतः रोक रहेगी।

### मूर्ति विसर्जन व्यवस्था

प्रतिमा विसर्जन केवल निर्धारित स्थल व पूर्व निर्धारित रूट के अनुसार ही होगा। सड़क किनारे मंच बनाने की अनुमति नहीं होगी, उल्लंघन पर आपराधिक प्रकरण दर्ज कर जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। बच्चों को विसर्जन स्थल पर न ले जाने की अपील की गई है। नगर निगम द्वारा पर्याप्त स्टाफ, क्रेन, गोताखोर एवं जेसीबी की व्यवस्था की जाएगी। घाटों की पूर्व सफाई, पर्याप्त प्रकाश एवं सुरक्षा व्यवस्था अनिवार्य होगी। राज्य विद्युत मंडल को विसर्जन के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने और आपात स्थिति में त्वरित सुधार दल तैनात करने के निर्देश दिये गये हैं।

कलेक्टर ने सभी अनुभागीय दण्डाधिकारियों को अपने–अपने क्षेत्रों में शांति समिति की बैठक आयोजित कर एसओपी के पालन की निगरानी करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही इस आदेश का व्यापक प्रचार–प्रसार सुनिश्चित करने को भी कहा गया है।

# अवैध शराब पर की गई कार्यवाही

## अवैध शराब पर की गई कार्यवाही
## 15 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त



**पिलखा भूमि. समृद्ध मंडल**

बलरामपुर, 19 सितम्बर 2025 राजेन्द्र कटारा के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी श्री एस.एन साहू के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध शराब के भंडारण एवं परिवहन पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में आबकारी विभाग द्वारा जिले के थाना बलरामपुर के अंतर्गत 01 प्रकरण पर कार्यवाही करते हुए अवैध हाथ भट्ठी महुआ शराब जब्त किया गया है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया है कि थाना बलरामपुर के अंतर्गत ग्राम दहेजवार निवासी अमरदीप दास के पास से 15 लीटर अवैध हाथ भट्ठी महुआ शराब जब्त किया गया। उक्त आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत अपराध प्रकरण कायम कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

जिला आबकारी अधिकारी श्री साहू ने बताया है अवैध शराब के निर्माण, विक्रय, परिवहन तथा सार्वजनिक जगहों पर मदिरापान और राष्ट्रीय एवं राजकीय राजमार्गों के किनारे संचालित होटल, ढाबा में शराब रखने, पीने एवं पिलाने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। साथ ही आबकारी अधिकारी ने बताया है कि अवैध मदिरा के संबंध में आबकारी नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नम्बर 07831–299241 एवं टोल फ्री नम्बर 14405 पर सूचित किया जा सकता है।

# महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ की बडी उपलब्धि


**पिलखा भूमि. संपादक–मनीष वैद्य**

रायपुर, 19 सितम्बर 2025 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर छत्तीसगढ़ ने सामाजिक सुधार की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है। सूरजपुर जिले की 75 ग्राम पंचायतों को "बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत" घोषित किया गया है। विगत दो वर्षों में इन पंचायतों में बाल विवाह का एक भी प्रकरण दर्ज न होने के आधार पर यह मान्यता प्रदान की गई। इस उपलब्धि के पीछे राज्य की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े की सतत पहल, सक्रिय मार्गदर्शन और नेतृत्व को निर्णायक माना जा रहा है।उनके नेतृत्व में विभाग ने गाँव–गाँव तक जागरूकता अभियान चलाया, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और पंचायत प्रतिनिधियों को सक्रिय किया तथा समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित की। राजवाड़े ने कहा, कि सूरजपुर जिले की यह पहल केवल छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणा का कार्य करेगी। प्रधानमंत्री जी के अमृत महोत्सव वर्ष में यह उपलब्धि समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक सशक्त संदेश है।**सामुदायिक भागीदारी की सराहना**जिला प्रशासन ने इस पहल की सफलता में महिला एवं बाल विकास विभाग, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय समुदाय की संयुक्त भूमिका की सराहना की। सभी के सामूहिक प्रयास से यह सुनिश्चित हुआ कि शिक्षा और जागरूकता को प्रा. थमिकता मिले और कोई भी बाल विवाह न हो। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में 10 मार्च 2024 को "बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान" की शुरुआत हुई थी। यह अभियान यूनिसेफ के सहयोग से और मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है।राज्य सरकार ने बाल विवाह उन्मूलन को सर्वोच्च प्राथमिकताओं में रखा है और विभाग लगातार जनजागरूकता, निगरानी और सामाजिक सहभागिता को मजबूत कर रहा है। सूरजपुर की इस सफलता से प्रेरित होकर अब छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों में भी पंचायतों और नगरीय निकायों को "बाल विवाह मुक्त" घोषित करने की प्रक्रिया शुरु की गई है। जिन जिलों में विगत दो वर्षों में बाल विवाह का कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है, वहां शीघ्र ही प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे।

# विशेष लेख .एमसीबी जिले पर विशेष: लगभग दो सौ वर्षो बाद हुआ पुन: विभाजन

**पिलखा भूमि. एमसीबी**

09 सितम्बर 2025 छत्तीसगढ़ के 32वें जिले के रूप में 9 सितम्बर 2022 को अस्तित्व में आया मनेंद्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर जिला, जो कोरिया जिले से विभाजित होकर बना और जिसका मुख्यालय मनेंद्रगढ़ में स्थापित किया गया। जिले के नोडल अधिकारी पर्यटन, पुरातत्व एवं इतिहासकार डॉ. विनोद कुमार पांडेय बताते हैं कि पूर्व में कोरिया रियासत में 1600 ई. तक राजा बालंद का शासन था। 1750 में मैनपुरी के चौहान वंश के दलथम्मन शाही व धारमलशाही कोरिया पहुंचे और वहां कोल जाति व गोंडों के बाद चौ. हान वंश का राज्य स्थापित हुआ। यह वंश स्वयं को सम्राट पृथ्वीराज चौहान का वंशज मानता है। कुछ समय उपरांत ईस्ट इंडिया कंपनी के हाथों नागपुर के मोड़ेजी भोसले के परास्त हो जाने के बाद छत्तीसगढ़ के अधिकांश राज्य ईस्ट इंडिया कंपनी के अधीन आ गए और उसी के साथ कोरिया राज्य भी ईस्ट इंडिया कंपनी के अधीन आ गया। 24 दिसंबर 1819 में राजा गरीब सिंह के स्वीकृत करारनामा के अनुसार राज्य को 400 रुपये वार्षिक अंग्रेजों को देने का प्रावधान किया गया, साथ ही चांगभखार रियासत (जनकपुर) कोरिया की सामंती अधीनता होने के कारण 386 रुपये कोरिया राज्य के माध्यम से कंपनी को देना तय हुआ। आगे डॉ. पांडेय बताते हैं कि राजा गरीब सिंह के बाद राजा अमोल सिंहदेव का शासन प्रारंभ हुआ। सन् 1848 में हुए एक अन्य अनुबंध के अनुसार चांगभखार रियासत ने देय राशि सीधे ईस्ट इंडिया कंपनी को देना शुरू कर दिया और इस प्रकार वह कोरिया रियासत से अलग होकर स्वतंत्र अस्तित्व में आ गया तथा उसे 'भैया' की उपाधि दी गई। कालांतर में इतिहास ने करवट ली और लगभग 200 वर्षों बाद 25 मई 1998 को रियासत के इसी हिस्से में कोरिया जिले का गठन हुआ, जिसका मुख्यालय बैकुंठपुर बनाया गया और इसका क्षेत्रफल 5977.70 वर्ग किलोमीटर निर्धारित किया गया। जिस प्रकार 1848 में कोरिया रियासत से अलग होकर चांगभखार रियासत का स्वतंत्र अस्तित्व बना था, उसी प्रकार इतिहास दोहराया गया और 9 सितंबर 2022 को कोरिया जिले से अलग होकर नवीन मनेंद्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर जिला अस्तित्व में आया, जिसका मुख्यालय मनेंद्रगढ़ बनाया गया। इसमें पूर्व चांगभखार रियासत तथा कोरिया रियासत का कुछ भाग शामिल किया गया। मनें




द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर जिले का गठन कोरिया जिले के उपखंड मनेंद्रगढ़ (तहसील मनेंद्रगढ़ व केल्हारी), उपखंड भरतपुर (तहसील भरतपुर), उपखंड खड़गवां–चिरमिरी (तहसील खड़गवां एवं चिरमिरी) को समाविष्ट करते हुए किया गया। इसकी सीमाएं उत्तर में तहसील कुसमी जिला सीधी–सिंगरौली (मध्यप्रदेश), दक्षिण में तहसील पोड़ी उपरोड़ा जिला कोरबा एवं तहसील रामानु. जनगर जिला सूरजपुर, पूर्व में तहसील बैकुंठपुर एवं सोनहत तथा पश्चिम में गौरेला–पेंड्रा–मरवाही व अनूपपुर (मध्यप्रदेश) जिले से मिलती हैं। जिले का क्षेत्रफल 1726.39 वर्ग किलोमीटर तथा जनसंख्या 2011 की जनगणना के अनुसार 4,22,248 थी।

जिले के नामकरण के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए डॉ. पांडेय बताते हैं कि वास्तव में मनेंद्रगढ़ का मूल नाम कारीमाटी था, क्योंकि यहां के आ. सपास कोयले का विशाल भंडार था तथा इस भ. ूभाग की मिट्टी काली थी। सन 1927 में कारीमाटी में भीषण आग लग गई, जिससे संपूर्ण क्षेत्र जलकर राख हो गया। 1930 में रेलवे लाइन आने के बाद तत्कालीन कोरिया राजा रामानुज प्रताप सिंह ने रेलवे स्टेशन के निकट नगर बसाने का निर्णय लिया और इस स्थान का नाम अपने तृतीय पुत्र महेंद्र प्रताप सिंहदेव के नाम पर मनेंद्रगढ़ रखा। चिरमिरी नाम की उत्पत्ति का कोई प्रमाण उपलब्ध नहीं है, फिर भी एक मत के अनुसार यहां चेरी माई की स्मृति में स्थित एक सती मंदिर था, जो भग्नावस्था में था और उसी के नाम पर इस क्षेत्र का नाम चिरमिरी पड़ा होगा। इसी प्रकार जनकपुर का संबंध चांगभखार रियासत से रहा है और इसका नामकरण रियासत की कुलदेवी माता चांगदेवी के नाम पर किया गया था।

# विभिन्न प्रकरणों में जप्त मादक पदार्थो का नष्टीकरण – जिला बलरामपुर रामानुजगंज पुलिस की कार्यवाही



**पिलखा भूमि. समृद्ध मंडल**

स्वापक औषधि एवं मन– प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 तथा भारत सरकार की अधिसूचना (राजपत्र, वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग, नई दिल्ली दिनांक 23.12.2022) के अंतर्गत गठित उच्च एवं जिला स्तरीय औषधि निपटान समिति द्वारा जिला बलरामपुर रामानुजगंज में मादक पदार्थों के नष्टीकरण की कार्यवाही आज दिनांक 20.09.2025 को संपन्न कराई गई। यह कार्रवाई गठित जिला स्तरीय निपटान समिति के अध्यक्ष श्री वैभव बैंकर, पुलिस अधीक्षक बलरामपुर एवं टीम की उपस्थिति में पारदर्शिता एवं विधिक प्रक्रिया का पालन करते हुए थाना कोतवाली अंतर्गत ऑफिसर्स क्लब के पीछे निर्धारित स्थान पर की गई, जिसकी संपूर्ण कार्यवाही का फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी कर अभिलेख सुरक्षित रखा गया है। नष्टीकरण हेतु प्रस्तुत प्रकरणों में थाना रामानुजगंज, थाना थाना बसंतपुर, थाना पस्ता, थाना रघुनाथनगर के वे अपराध शामिल थे, जिनका निराकरण माननीय न्यायालय द्वारा किया जा चुका है। इनमें थाना रामानुजगंज के अपराध क्रमांक 87–2023, 125–2023, 84–2008, 174–2014, 56–2020, 113–2020, 47–2022, 308–2022, 172–2023, 192–2023, 241–2023, 251–2023, 23–2024, 77–2024, 147–2024, 168–2024, 185–2024, थाना बसंतपुर के अपराध क्रमांक 126–2016, 37–2023, 47–2023, 144–2023, 58–2024, 95–2024, 152–2024, थाना पस्ता का अपराध क्रमांक 74–2024, थाना रघुनाथनगर का अपराध क्रमांक 05–2025 एनडीपीएस एक्ट सम्मिलित थे। इन प्रकरणों से संबंधित जप्तशुदा मादक पदार्थों में गांजा 135.180 किलोग्राम, गांजा का पौधा 42 नग, नशीली कफ सिरप 1851 नग, नशीली टेबलेट 1838 नग, नशीला इंजेक्शन 724 नग इन सभी प्रतिबंधित मादक पदार्थों को समिति के पंचों की उपस्थिति में जलाकर नष्ट किया गया।

इस कार्यवाही में पुलिस अधीक्षक बलरामपुर वैभव बैंकर (भापुसे) अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विश्वदीपक त्रिपाठी, एस एस साहू, सहायक आबकारी आयुक्त बलरामपुर, संबंधित थाना प्रभारी एवं डीसीआरबी शाखा के स्टाफ की उपस्थिति में एनडीपीएस के प्रकरणों में जप्त नशीले पदार्थों का विधिवत नस्टिकरण किया गया है।

# 150 करोड़ से जिले के दो स्टेट हाईवे का होगा जीर्णोधार

## बरसात के बाद शुरू होगा इन सड़कों का निर्माण कार्य



**पिलखा भूमि. जशपुरनगर**

02 सितम्बर 2025ध्जशपुर जिले की सड़कों को संवारने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सरकार का खजाना खोल दिया है। सीएम के निर्देश पर जिले की दो महत्वपूर्ण स्टेट हाईवे के पुर्ननिर्माण के लिए 149 करोड़ रूपये से अधिक की राशि स्वीकृत करते हुए बजट जारी कर दिया गया है। निर्माण एजेंसी ने इन सड़कों के निर्माण के लिए निविदा प्रक्रिया शुरू कर दी है। बरसात के बाद इन सड़कों का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। इन स्टेट हाईवे में 41 किलोमीटर लंबी तपकरा–लुड़ेग और 13 किलोमीटर लंबी कोतबा बागबहार स्टेट हाईवे शामिल है। परिवहन के लिहाज से ये दोनों स्टेट हाईवे जशपुर जिले के लिए अहम है। ये सड़के जशपुर जिले को पड़ोसी राज्य ओडिसा व झारखंड के साथ राजधानी रायपुर व न्यायधानी बिलासपुर से जोड़ती है। इस सड़क से हो कर रोजाना दर्जनों यात्री बस रायगढ,बिलासपुर,रायपुर,झारसुगड़ा सहित अन्य गंतव्य के लिए रवाना होती है। लगातार भारी वाहन चलने से इन सड़कों की स्थिति खराब हो गई थी। इनकी मरम्मत की मांग लगातार जिलेवासियों द्वारा की जा रही थी। जिलेवासियों को हो रही परेशानी को देखते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इन दोनों स्टेट हाईवे की मरम्मत के लिए कार्रवाई शुरू करने का निर्देश लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिया था। सीएम के निर्देश पर प्राक्कलन रिपोर्ट के आधार पर वित्त विभाग ने तपकरा से लुड़ेग के लिए 110.33 करोड़ और बागबहार से कोतबा के लिए 39.77 रूपये स्वीकृत करते हुए,राशि जारी कर चुकी है। बरसात के बाद इन दोनों सड़कों का निर्माण शुरू कर दिया जाएगा।

जिले में बिछ रहा है सड़कों का जाल –

जशपुर जिले में आवागमन को सुगम बनाने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सड़कों की मरम्मत के साथ नए सड़कों के निर्माण पर ध्यान केंद्रीत कर रहे हैं। जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इसके साथ भारतमाला सड़क का निर्माण कार्य भी शुरू हो चुका है। बीते दो साल में मुख्यमंत्री साय ने लंबे समय से अधूरे पड़े हुए दमेरा चराईडांड़ रोड,जशपुर सन्ना सड़क,चराईडांड़ बतौली सड़क,बंदरचुवां से फरसाबहार सड़क के निर्माण को पूरा कराया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सड़क निर्माण की गुणवत्ता निर्धारित मापदंड के अनुरूप रखने की सख्त हिदायत देते हुए,लापरवाही होने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी है।

# सरगुजा अंचल के विद्यार्थियों को मिल रहा एडवांस ड्रोन का प्रशिक्षण

## लखनपुर के पीएम श्री स्कूल में पर्यटन मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने प्रशिक्षण का किया शुभारंभ




**पिलखा भूमि. संपादक–मनीष वैद्य**

लखनपुर 21 सितंबर 2025 छत्तीसगढ़ के सरगु. जा जैसे दूरस्थ अंचल के विद्यार्थियों को ड्रोन चलाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने आज लखनपुर के पीएम श्री स्कूल में आज प्रशिक्षण की शुरूआत की। इस प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को एडवांस्ड ड्रोन टेक्नोलॉजी पर 30 घंटे का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी ज्ञान से जोड़ना है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री अग्रवाल ने प्रशिक्षण सत्र के शुभारंभ समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में शिक्षा, संस्कृति और युवाओं के कौशल विकास से जुड़ी नई योजनाओं पर काम कर रहे हैं, जिससे प्रदेश का आने वाला भविष्य और अधिक उज्ज्वल होगा। उन्होंने कहा कि ड्रोन प्रौद्योगिकी का प्रशिक्षण विद्यार्थियों को नई दिशा देकर रा. ेजगार और नवाचार के अवसरों से जोड़ेगा। उन्हा. ेने कहा कि तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर व प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। पर्यटन मंत्री अग्रवाल ने कार्यक्रम में सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत 53 बालिकाओं को निःशुल्क साइकिल प्रदान की। इस मौके पर उन्हा. ेने उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया और विद्यालय में नए वाटर कूलर का भी लोकार्पण किया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उप. स्थित थे।

# जशपुर जिले में 56 करोड़ 57 लाख की लागत से 484 नए आंगनबाड़ी भवन निर्माण की मिली स्वीकृति

**पिलखा भूमि. जशपुरनगर**

09 सितम्बर 2025 मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की प्राथ. मिकता हमेशा से प्रदेश के बच्चों और माताओं के स्वास्थ्य एवं शिक्षा को लेकर रही है। इसी दिशा में एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए जशपुर जिले में 56 करोड़ से भी अधिक की लागत से 484 नए आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। प्रत्येक आंगनबाड़ी भवन पर 11 लाख 69 हजार रुपए खर्च किए जाएंगे। इस प्रकार करोड़ों रुपए की राशि सीधे तौर पर जिले में आंगनबाड़ी सेवाओं के सुदृढ़ीकरण और विस्तार पर लगाई जाएगी। इससे न केवल बच्चों और माताओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी बल्कि आंग. नबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी एक स्थायी और सुसज्जित कार्यस्थल प्राप्त होगा।**जर्जर भवन एवं अस्थाई से स्थायी भवन की ओर**अब तक अधिकांश आंगनबाड़ी केंद्र भवन जर्जर हालत में या किराए के मकानों में संचालित होते थे।ऐसे स्थानों में न तो बच्चों को बैठने की समुचित सुविधा मिलती थी और न ही साफ–सफाई का



पर्याप्त वातावरण। लेकिन नए भवन बनने के बाद बच्चों को स्वच्छ, सुरक्षित और अनुकूल माहौल उपलब्ध होगा, जिससे उनकी शिक्षा और पोषण संबंधी गतिविधियाँ व्यवस्थित ढंग से संचालित होंगी।**बच्चों और माताओं के लिए एक संपूर्ण केंद्र** ए आंगनबाड़ी भवन सिर्फ पढ़ाई या आहार वितरण का स्थान नहीं होंगे, बल्कि ये ग्रामीण समाज में पोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य और जागरूकता का केंद्र बनेंगे।इन भवनों में बच्चों को पौष्टिक आहार ,खेल–खेल में सीखने की व्यवस्था,नियमित स्वास्थ्य जांच,माताओं के लिए पोषण व स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता कार्यक्रम जैसी सेवाएं उपलब्ध होंगी। इससे जिले में कुपोषण को कम करने और शिक्षा के स्तर को ऊँचा उठाने में बड़ी भूमिका निभाई जाएगी।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का संकल्प अब कोई भी बच्चा शिक्षा की कमी से नहीं होगा वंचितमुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा का संकल्प है कि जशपुर का कोई भी बच्चा अब कुपोषण और शिक्षा की कमी से वंचित नहीं रहेगा। सरकार का लक्ष्य है कि हर बच्चे और हर माता को स्वस्थ, शिक्षित और सशक्त बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। नए आंगनबाड़ी भवन आने वाली पीढ़ी के जीवन स्तर को बेहतर बनाएंगे और प्रदेश में पोषण क्रांति की नींव मजबूत करेंगे।ग्रामीणों की खुशी और सीएम साय के प्रति आभार

ग्रामीण अंचलों के लोगों ने इस नए आंगनबाड़ी भवन की स्वीकृति का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उनका कहना है कि यह पहल आने वाली पीढ़ी के भविष्य को उज्ज्वल बनाने वाली साबित होगी। अब बच्चे अस्थायी कमरों में नहीं, बल्कि सुसज्जित भ. वनों में शिक्षा और पोषण प्राप्त करेंगे।

pilkha bhoomi sursjpur -02_manish 9/23/2025 5:03 PM Page 3



## दिल्ली से अपहृत बालक को सूरजपुर पुलिस ने किया दस्तयाब, 13 वर्ष पहले घुमने निकला था घर से।




पिलखा भूमि. सूरजपुर।

जिले की पुलिस संवेदनशीलता के साथ अपहृत बालक–बालिका की पतासाजी में लगी हुई है और गुमशुदा नाबालिग बच्चों के प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए खोजबीन हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इसी परिपेक्ष्य में सूरजपुर पुलिस ने 13 वर्ष से गुम नाबालिक अपहृत बालक को सफलतापूर्वक दिल्ली से दस्तयाब करने में सफलता हासिल किया है। दरसल दिनांक 09–08–2017 को थाना ओड़गी क्षेत्र अन्तर्गत एक व्यक्ति ने थाना ओड़गी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसका 15 वर्षीय लड़का वर्ष 2012 से घर से बिना बताए कहीं चला गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर गुम इंसान कायमी उपरान्त धारा 363 भादवि का मामला पंजीबद्व किया गया।

डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने जिले के थाना–चौकी प्रभारियों को गुमशुदा एवं अपहरण के मामले में हर संभव प्रयास कर नई तकनीक की मदद लेते हुए सुराग हासिल कर अपहृत बालक–बालिका को दस्तयाब करने के निर्देश दिए है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी के मार्गदर्शन में थाना ओड़गी पुलिस के द्वारा अपहृत बालक की लगातार खोजबीन की जा रही थी इसी बीच जानकारी मिली की अपहृत बालक जो अब 26 वर्ष का हो गया है और दिल्ली में है। पुलिस टीम अपहृत बालक के पिता को साथ लेकर दिल्ली पहुंची और गहन खोजबीन के बाद रजौली गार्डन के पास मजदूरी करते हुए अपहृत को दस्तयाब किया। पूछताछ पर अपहृत ने बताया कि वर्ष 2012 में घुमने के लिए घर से निकला था और कई जगह घुमने के बाद वह दिल्ली आया और यही रहकर मजूदरी कर जीवन यापन कर रहा था।

अपहृत बालक अब 26 वर्ष को हो चुका है उसे पुलिस टीम दस्तयाब कर वापस लेकर दिनांक 16–09–2025 को ओड़गी पहुंची। दस्तयाब किए गए गुम बालक को विधिवत उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया इस दौरान परिजनों के चेहरे में खुशी की लहर देखी गई और उनके द्वारा सूरजपुर पुलिस के प्रति आभार जताया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी ओड़गी फर्दीनंद कुजूर, एएसआई अमरेश सिंह व सैनिक उमेश्वर दुबे सक्रिय रहे।

## बेटे की निर्ममता से हत्या के मामले मे आरोपी पिता चंद घंटे के भीतर गिरफ्तार।

### थाना दरिमा पुलिस टीम द्वारा मामले मे आरोपी के विरुद्ध की गई सख्त वैधानिक कार्यवाही।

पिलखा भूमि. संपादक–मनीष वैद्य

प्रार्थी अंकित सिंह साकिन शिवनंदनपुर थाना विश्रामपुर जिला सुरजपुर के रिपोर्ट दे. हाती नालसी अपराध क्रमांक 0–25 धारा 103(1) बी. एन. एस. का रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी शिवनंदनपुर थाना बिश्रामपुर जिला सूरजपुर का निवासी है, प्रार्थी अपने मौसा मौसी मौसा के घर विगत एवं सप्ताह पहले आया था, कि प्रार्थी की मौसी के जेठ का बेटा जुगलाल सिंह है जो विगत 03 वर्ष पहले ग्राम कमलेश्वरपुर निवासी विनिता सिंह से प्रेम प्रसंग से शादी किया था जिससे उनका एक बच्चा भी था, कि विनिता को विगत 1 साल पहले जुगलाल सिंह झगड़ा विवाद करके भगा दिया था जो अपने मायके में रहती थी कि दिनांक 15.09.25 को जुगलाल अपने मां को भी झगडा करके भगा दिया था और घर में जुगलाल के पिता राम सुन्दर, जुगलाल और उसका बेटा थे, कि दिनांक 16०09०25 के 10–11 बजे के बीच प्रार्थी की मौसी रहमेन जुगलाल के बच्चे को कुछ खिलाने पिलाने के नाम से अपने घर लायी थी उसी दौरान जुगलाल चिल्लाते हुए प्रार्थी के मौसी के घर आया और बच्चे का हाथ पकडकर घसीटते हुए ले गया और अपने घर के दरवाजा के पास ले जाकर पटक दिया और अपने लात से गंभीर चोट कारित कर दिया और बच्चे को उठाकर अपने घर के परछी चटाई मे सुला दिया जो कि बच्चा बेहोश हो गया और बातचीत करना बंद कर दिया, कि प्रार्थी के अन्य रिश्तेदार बच्चे को चटाई से उठाकर जिला अस्पताल अंबिकापुर लेकर आय जो कि डाक्टर साहब द्वारा चेक करने में बच्चे को मृत घोषित कर दिया गया है, बच्चे की मौत उनके पिता जुगलाल द्वारा घसीटते हुए ले जाकर पटकने से एवं लात से मारने के कारण हुआ है, मामले मे प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना दरिमा मे अपराध क्रमांक 135०25 धारा 103(1) बी. एन. एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

▶▶ दौरान विवेचना पुलिस टीम द्वारा मृत बच्चे का पीएम पंचनामा कार्यवाही कर परि.



जनों एवं गवाहों का कथन लेख किया गया, पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले के आरोपी जुगलाल का पता तलाश कर पकड़कर पूछताछ किया गया जो आरोपी द्वारा अपना नाम जुगलाल सिंह आत्मज राम सुन्दर सिंह उम्र 28 वर्ष साकिन करजी थाना दरिमा का हों‌ना बताया, पुलिस टीम द्वारा आरोपी से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर घटना कारित किया जाना स्वीकार किया गया, आरोपी के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से प्रकरण मे आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाता है।

▶▶ सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी दरिमा निरीक्षक भरत लाल साहू, आरक्षक मनोहर कुमार, तेजराम लकड़ा, गोविन्द टोप्पो सक्रिय रहे।

## पीडीएस दुकान से राशन चोरी करने वाले गिरोह व चोरी का राशन खरीददार का सूरजपुर पुलिस ने किया पर्दाफाश, 7 आरोपी गिरफ्तार, 2 लाख रूपये कीमत का राशन बरामद। परिवहन व रेकी में प्रयुक्त 3 पिकअप व 2 मोटर सायकल भी जप्त।

पिलखा भूमि. संपादक–मनीष वैद्य

सूरजपुर। दिनांक 08.08.2025 के दरम्यानी रात थाना जयनगर क्षेत्रांतर्गत ग्राम अजबनगर के पीडीएस दुकान में अज्ञात चोरों द्वारा चावल, शक्कर व चना की चोरी किया गया था इसी प्रकार दिनांक 28.08.2025 के दरम्यानी रात ग्राम गंगापुर पीडीएस दुकान तथा दिनांक 13.09.2025 के दरम्यानी रात ग्राम अनुजनगर के पीडीएस राशन दुकान से चावल की चोरी होने पर पीडीएस दुकान के संचालकों की रिपोर्ट पर चौकी लटोरी में अपराध क्रंमाक 220०2025 व अपराध क्र. 228.2025 व थाना जयनगर में अपराध क्रमांक 213०2025 धारा 331(4),305(ई),112, 317(2),3(5) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है।

इसी प्रकार जिला सूरजपुर के समीप जिला सरगुजा में भी पीडीएस दुकान में लगातार हो रहे चोरी के घटनाओ के मददेनजर पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज श्री दीपक कुमार झा एवं डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर के द्वारा लगातार पीडीएस दुकान में हो रहे चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों की धरपकड़ हेतु चौकी लटोरी व थाना जयनगर का संयुक्त पुलिस टीम गठित कर लगाया गया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व एसडीओपी सूरजपुर अभिषेक पैकरा के मार्गदर्शन में टीम के द्वारा लगातार विवेचना कर मुखबीर लगाया गया तथा व्हाटसअप ग्रुप के माध्यम से चौकी–थाना क्षेत्र के बीट में घटना के बारे में जानकारी साझा किया गया। इसी दौरान मुखबीर से प्राप्त सूचना व पूर्व अपराधिक कृत्यों में संलिप्त व्यक्तियो के संबंध में कई चौकी थाना से अपराधिक रिकार्ड प्राप्त किया गया जिसके आधार पर सर्वप्रथम शातिर चोर इन्द्रपाल साहू पिता जीवनलाल साहू निवासी जटगा को कटघोरा में घेरा. बंदी कर पकड़ा गया।

पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि अपने अन्य साथी 1. साहिल अफसर पिता मोहम्मद सकिल अहमद उम्र 24 वर्ष निवासी



मुडापार एसईसीएल कालोनी सुभाष ब्लाक कोरबा थाना मानिकपुर जिला कोरबा 2. रफीक खान पिता सफीक खान उम्र 31 वर्ष निवासी सिरमिना बाबुपारा (ढोढीपारा) थाना पसान जिला कोरबा 3. सोनू सिंह पिता दया राम जाति कंवर उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम मोहनपुर आंछीदादर थाना कटघोरा जिला कोरबा 04. शिवम राजपुत पिता श्री राजू परमार उम्र 23 वर्ष निवासी गुरसिया बा. जारपारा थाना बांगो जिला कोरबा 5. कृष्णा ढीमर आ. महेन्द्र ढीमर उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम दरैन, खरिहा टोला, थाना सिधी जिला शहडोल मध्यप्रदेश के साथ चौकी लटोरी के गंगापुर, अनुजनगर, थाना जयनगर के अजबनगर के अलावा अपने साथियों के साथ मिलकर पूर्व मे तारा कांटारोली, उदयपुर के आसपास मुड़गांव, रिखी, लखनपुर के आसपास केवरी, अंधला, तराजू तथा अम्बिकापुर के आसपास कोलडीहा, दरिमा के खाला तथा एमसीबी जिला के बचरापोडी, मुंगेली थाना क्षेत्र व पेण्ड्रा मरवाही जिला के बस्तीबगरा में राशन दुकान सोसायटी में चावल, चना शक्कर भी चोरी करना एवं लटोरी व जयनगर के पीडीएस दुकान से चोरी किये गये चावल, शक्कर, चना को अंकुर अनाज भण्डार कटघोरा के संचालक पवन अग्रवाल पिता श्री किरोणीमल अग्रवाल उम्र 55 वर्ष निवासी कटघोरा मेन मार्केट थाना कटघोरा जिला कोरबा को विक्रय करना बताये है। जो विवेचना दौरान पीडीएस राशन क्रेता के विरूद्ध धारा 317(2) भा.न्या.सं. की धारा जोड़ी गई। मामले में कुल 07 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है जिनके निशानद.`ही पर 100 बोरी चावल, 11 बोरी शक्कर, 1 बोरी चना कीमती करीब 2 लाख रूपये, घटना में प्रयुक्त 3 पिकअप व 2 मोटर सायकल जप्त किया गया है।

अनाज भण्डार के संचालक पवन अग्रवाल के द्वारा चोरी की चावल, चना व शक्कर क्रय करने के उपरान्त कुछ सामग्री को फुटकर में बिक्री कर दिया जिसकी रकम 1 लाख रूपये नगद बरामद किया गया है। दर्ज प्रकरणों में अन्य आरोपियो की भी संलिप्तता होने की संभावना है जिसके संबंध में आगे विवेचना जारी है।

आरोपियो से अभी तक के पूछताछ पर संगठित होकर गिरोह बनाकर सूरजपुर जिला के अलावा जिला सरगुजा, कोरबा, एमसीबी, मुगेली, कोरिया, पेण्ड्रा के पीडीएस भवन में कुल 11 स्थानों में चोरी करने की जानकारी प्रकाश में आई है। आरोपी इन्द्रपाल साहू एवं रफीक खान पूर्व में जिला सूरजपुर एवं जिला कोरबा में डकैती, चोरी जैसे मामलो में जेल जा चुके है।

इस कार्यवाही में थाना प्रभारी जयनगर रूपेश कुंतल एक्का, चौकी प्रभारी लटोरी अरूण गुप्ता, चौकी प्रभारी तारा संजय गोस्वामी, प्रधान आरक्षक रविशंकर किण्डो, रामनिवास तिवारी, संजय राजपुत, आरक्षक विकास मिश्रा, शोभनाथ कुशवाहा, अम्बिका मरावी, सुनील एक्का, देवकीनंदन खुटिया, संतोष जायसवाल सक्रिय रहे।

## चौकी कोल्हेनझरिया क्षेत्र के ग्राम माटीपहाड़छर्रा में मिला ,युवक युवती का शव.. युवक पेड़ पर फांसी के फंदे में था लटका, युवती उसी पेड़ के नीचे पडी थी, मृत अवस्था में



पिलखा भूमि. जशपुर

दिनांक 17.09.25 को मृतक युवती के पिता ने चौकी कोल्हेनझरिया में सूचना दिया था कि दिनांक 16.09.25 की रात्रि लगभग 08.00 बजे के आसपास उसकी बेटी मृतिका संदिला पैंकरा, खाकर, घर से निकली थी, काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर, उसके व उनके परिजनों के द्वारा आस पास पता तलाश की जा रही थी, इसी दौरान दिनांक 17.09.25 को माटीपहाड़ छर्रा के गोठान के पास एक पेड़ के नीचे, इसकी बेटी मृत अवस्था में मिली, व उसी पेड़ के ऊपर एक युवक फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला।

➡ सूचना पर चौकी कोल्हेनझरिया पुलिस के द्वारा मामले के संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को अवगत कराते हुए, मर्ग कायम कर घटना स्थल पर रवाना हुआ गया, घटना स्थल के निरीक्षण के पश्चात, पूछताछ पर मालूम चला कि, मृत युवती नाम संदिला पैंकरा है जो कि माटी पहाड़ छर्रा की निवासी है, व फंदे पर लटके युवक का नाम चूड़ा मणि साय है, व वह टांगर गांव थाना कांसाबेल का निवासी है। उसके रिश्तेदार माटी पहाड़ छर्रा में रहते हैं, जिससे वह माटी पहाड़ छर्रा में आता जाता रहता था।

➡ पुलिस की जांच में प्रथम दृष्टिया मामला प्रेम प्रसंग में, युवक द्वारा युवती की हत्या कर, आत्म हत्या का प्रतीत होता है, दोनों शव का पोस्ट मार्डम कराया गया है। पी एम रिपोर्ट के आधार पर मामले में और खुलासा होगा।

➡ हत्या, आत्महत्या के कारणों के संबंध में पुलिस की जांच जारी है।

## अंतरजिला बसोर मोबाईल चोर गिरोह के 7 आरोपी गिरफ्तार, चोरी का मोबाईल व स्प्रिंग चाकू जप्त, थाना प्रतापपुर पुलिस की कार्यवाही।



पिलखा भूमि. सूरजपुर।

दिनांक 19.09.2025 को प्रतापपुर के साप्ताहिक बाजार में मोबाईल चोरी की घटना सामने आई जिस पर डीआईजी व एसएसपी सूर. जपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने फौरन एक्शन लेते हुए मोबाईल चोरों की पतासाजी कर उन्हें पकड़ने के निर्देश दिए।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व डीएसपी अनूप एक्का के मार्गदर्शन में थाना प्रतापपुर की पुलिस टीम के द्वारा पंजीबद्ध मामले की विवेचना कर तकनीकी मदद व मुखबीर से प्राप्त सूचना के आधार पर डकईपारा पटना के व्यक्तियों के द्वारा घटना को अंजाम देने की सूचना पर थाना पटना के डकईपारा में पुलिस टीम ने घेराबंदी कर संदेही सोनू बसोर को पकड़ा।

पूछताछ पर उसने अपने साथी मनोज कुमार, राम सिंह, सोनू, राजू बसोर, मुकेश उर्फ संदीप, जुगनू प्रसाद उर्फ सोनू एवं सोनू कुमार के साथ मिलकर साप्ताहिक बाजार प्रतापपुर में मोबाईल चोरी की घटना को अंजाम देना बताया जिसके बाद इन लोगों को भी पकड़ा गया। आरोपियों के निशानदेही पर चोरी का 5 नग मोबा. ईल कीमत 60 हजार रूपये, 1 नग बटन स्प्रिंग चाकू, घटना में प्रयुक्त 2 मोटर सायकल जप्त कर धारा 303(2) बीएनएस व आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत आरोपी (1) मनोज कुमार पिता सुशील कुमार उम्र 34 वर्ष ग्राम डकाईपारा (2) राम सिंह पिता केश्वप्रसाद उम्र 39 वर्ष ग्राम चितमारपारा (3) सोनू कुमार पिता राजकुमार उम्र 22 वर्ष ग्राम चम्पाझार (4) राजू बसोर पिता वकील उम्र 35 वर्ष ग्राम चितमारपारा (5) मुकेश उर्फ संदीप पिता सुशील उम्र 23 वर्ष ग्राम डकाईपारा (6) जुगनू प्रसाद उर्फ सोनू पिता स्व. रामविशाल उम्र 31 वर्ष ग्राम डकाईपारा (7) सोनू कुमार पिता स्व. रामभिवन उम्र 25 वर्ष ग्राम डकाईपारा सभी थाना पटना जिला कोरिया को गिरफ्तार किया गया है।

इस कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रतापपुर अमित कौशिक, एएसआई बजरंगी लाल चौहान, हरिशंकर तिवारी, प्रधान आरक्षक आनंद प्रकाश एक्का, इन्द्रपाल सिंह, आरक्षक सत्यनारायण सिंह, राजेश तिवारी व प्रकाश साहू सक्रिय रहे।

## चौकी तातापानी पुलिस की कार्यवाही, मोबाइल दुकान में घुसकर चोरी करने वाले आदतन चोर आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया सलाखों के पीछे........




पिलखा भूमि. समृद्ध मंडल

प्रार्थी अक्षय कुमार गुप्ता, निवासी ग्राम सारंगपुर चौकी तातापानी के द्वारा चौकी उप. स्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम तातापानी दामोदरपुर में थनगांव रोड में मेरा ओम मोबाईल दुकान है, जिसमें मोबाईल मरमम्त एवं मोबाईल बिक्री का काम करता हूँ। दिनांक 13.09.2025 को शाम 07रू00 बजे दुकान बंद करके घर चला गया था। दिनांक 14.09.2025 को 10रू00 बजे दुकान खोल कर देखा दुकान का सीट उखड़ा था। दुकान का समान चेक करने पर 02 नग मोबाईल एवं काउंटर में रखा करीब 500रू नगद नहीं था। अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था, तब दुकान में बगल में लगे सीसीटीवी में देखा एक अज्ञात चोर चोरी कर रहा है। जिसका पता साजी कर रहा था तभी पता चला कि ग्राम तातापानी का अभिषेक पन्ना उर्फ गुटखा पिता शिव नाथ पन्ना दुकान में रात में खुस कर चोरी किया है। इस संबंध में आवेदन पत्र पेश कर रहा हू।

प्रार्थी कि रिपोर्ट पर चौकी तातापानी में अपराध क्रमांक 160–2025 धारा 305(क) 331(4) कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान संदिग्ध आरोपी अभिषेक पन्ना उर्फ गुटखा को हिरासत में लेकर कड़ाई से पुछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किया तथा चोरी किया गया माल मशरूका आरोपी से बरामद किया गया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## धार्मिक भावनाएं को ठेस पहुंचाना पड़ा महंगा, मारपीट कर पहुंचाई थी, धार्मिक भावनाओं को ठेस, आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

पिलखा भूमि. जशपुर

दिनांक 19.09.25 को प्रार्थी डमरूधर यादव, उम्र 38 वर्ष, निवासी ग्राम टटकेला, ने थाना बगीचा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया था,कि दिनांक 19.09.25 की शाम करीबन 5.30 बजे के लगभग वह ग्राम टटकेला के ही मनसुटोली में सड़क किनारे अपनी भैंस को चरा रहा था, कि इसी दौरान उसके गांव का ही आरोपी त्योफिल कुजूर आया व इधर भैंस क्यों चराते हो कहकर, उसको जा. तिगत व मां बहन की गंदी गंदी गालियां देने लगा व जब प्रार्थी के द्वारा आरोपी से ऐसा करने का कारण पूछा गया तो, आरोपी त्योफिल कुजूर, गुस्से में आकर, उसे धक्का दे कर , प्रार्थी के पास रखे डंडे को लूटकर मारपीट करने लगा, इस दौरान आरोपी त्योफिल कुजूर के द्वारा, प्रार्थी का गला दबाकर, उसके गले में पहने, बजरंग बलि के लॉकेट को तोड़ दिया, व प्रार्थी के हिन्दू धर्म विशेष पर अभद्र टिप्पणी करते हुए, प्रार्थी को लगभग 300 मीटर तक मारपीट करते हुए दौड़ाया।

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए बगीचा पुलिस के द्वारा, मामले के संबंध में वरिष्ठ पुलिस के अधिकारियों को अवगत कराते हुए, प्रा. र्थी की रिपोर्ट पर तत्काल थाना में आरोपी त्योफिल कुजूर के खिलाफ बी एन एस की धारा 296,351(2),115(2) व 299 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह के दिशा निर्देश पर पुलिस के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी त्योफिल कुजूर को ग्राम टट केला से हिरासत में लेकर लाया गया।

पुलिस की पूछताछ पर आरोपी त्योफिल कुजूर के द्वारा अपराध स्वीकार करने व प्रयाप्त अपराध सबूत पाए जाने पर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

मामले की कार्यवाही व आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी बगीचा निरीक्षक संतलाल आयाम, सहायक उप निरीक्षक बैजन्ती किंडो,राम राम, प्रधान आरक्षक लक्ष्मण सिंह, दामिनी टोप्पो, आरक्षक मुकेश पांडे व विनोद यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह ने कहा कि ऐसे मामलों को लेकर जशपुर पुलिस अत्यंत संवेदनशील है, धार्मिक व सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने वाले किसी को भी बख्शा नहीं जावेगा, उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्यवाही की जावेगी। बगीचा क्षेत्रांतर्गत मारपीट कर, धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

## बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों को नहीं मिलेगा पेट्रोल

### 01अक्टूबर से लागू होगा ष्नो हेलमेट–नो पेट्रोलष नियम पेट्रोल पम्प संचालकों को आदेश जारी




पिलखा भूमि. बलरामपुर

20 सितम्बर 2025 जिले में दो पहिया वाहन चाल. कों को स्वयं की सुरक्षा के लिए हेलमेट धारण करने व सड़क दुर्घटनाओं से हो रही जन–धन की हानि को नियंत्रित करने हेतु लगातार जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर आमजनों को जागरूक किया जा रहा है तथा यातायात के नियमों को उल्लघंन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध प्रवर्तन कार्यवाही की जा रही है, इसके साथ ही दो पहिया वाहनों से घटित सड़क दुर्घटनों में कमी लाने एवं आमजन को व्यवहारिक स्तर पर पालन करने एवं कठोर व प्रभावी उपाय किया जाना आवश्यक है। इस हेतु जिले में समस्त पेट्रोल पंप संचालकों को बिना सुरक्षात्मक उपाय धारण नहीं किये दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल एवं अन्य उपयोगी ईंधन नहीं देने हेतु प्रति. बंधित किये जाने तथा प्रभावी क्रियान्वयन हेतु पेट्रोल पम्प परिसर में आवश्यक सूचना पटल लगाए जाने व आदेश का उल्लंघन करने वाले पेट्रोल पम्प संचालकों के विरूद्ध विधि अनुसार कार्यवाही किये जाने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रा. जेन्द्र कटारा के द्वारा भारतीय नागरीक सुरक्षा सं. हता 2023 की धारा 163 के तहत् प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए 01 अक्टूबर 2025 से बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाने वाले वाहन चालक–सवार को किसी भी पेट्रोल पंप संचालकों की ओर से (आकस्मिक सेवा मेडिकल इमरजेंसी एवं धार्मिक पगड़ी पहनने वाले व्यक्तियों को छोड़कर ) पेट्रोल एवं अन्य उपयोगी ईंधन उपलब्ध नहीं कराने का आदेश पारित किया गया है। कले. क्टर श्री कटारा ने जिले के समस्त पेट्रोल पम्प संचालकों को उक्त नीति के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु पेट्रोल पम्प परिसर में ष्नो हेलमेट–नो पेट्रोलष का सुस्पष्ट बोर्ड–पोस्टर अनिवार्य रूप से लगाने के आदेश दिए हैं। उक्त आदेश का उल्लंघन किये जाने पर पेट्रोल पम्प संचालकों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता के तहत् विधि अनुसार दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी।

पिलखा भूमि . राजधानी समाचार सूरजपुर से प्रकाशित हिंदी मासिक समाचार पत्र 

# योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, कुपोषण उन्मूलन और आंगनबाडियों के व्यवस्थित संचालन पर दिए कड़े निर्देश

## मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने ली विभागीय समीक्षा बैठक



पिलखा भूमि. समृद्ध मंडल

**बलरामपुर** 14 सितम्बर 2025 महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने बलरामपुर जिले के संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में विभागीय समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने महिला एवं बाल विकास और समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की गहन समीक्षा कर अधिकारियों को जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन और सतत मॉनिटरिंग सु. निश्चित करने के निर्देश दिए। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना का व्यापक प्रचार–प्रसार करने पर बल देते हुए कहा कि पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ समय पर और पारदर्शिता के साथ मिले। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत जरूरतमंद परिवारों को प्राथमिकता से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बाल विवाह रोकथाम की दिशा में गंभीर पहल करने पर जोर देते हुए कहा कि किशोरी बालिकाओं को बाल विवाह के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक बनाया जाए, ताकि राज्य को बाल विवाह मुक्त बनाने का लक्ष्य हासिल हो सके।बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन को लेकर मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि केंद्र नियमित समय पर खुलें, बच्चों की उपस्थिति और पोषण आहार की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने केंद्रों की साफ–सफाई, अध्यापन व्यवस्था और पोषण वा. टिका व रेडी–टू–ईट वितरण की भी समीक्षा की। कुपोषण उन्मूलन पर विशेष जोर देते हुए मंत्री ने एनआरसी सेंटरों के सुचारू संचालन और कुपोषित बच्चों को नियमित आहार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।मंत्री राजवाड़े ने प्रधानमंत्री जनमन अंतर्गत निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवनों की गुणवत्ता सुनिश्चित कर कार्य शीघ्र पूर्ण करने, रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से संच ालित करने और आंगनबाड़ी केंद्रों की नियमित मॉनिटरिंग करने को कहा। महिलाओं के सशक्तिकरण पर बल देते हुए रा. जवाड़े ने सक्षम योजना की समीक्षा कर महिलाओं को स्वरोजगार एवं उद्यमिता से जोड़ने के निर्देश दिए। साथ ही घरेलू हिंसा की रोकथाम के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर जनजागरूकता बढ़ाने की बात कही।बैठक में महतारी वंदन योजना, चाइल्डलाइन, किशोर न्याय बोर्ड, बाल कल्याण समिति, सखी वन स्टॉप सेंटर सहित विभागीय कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई। समाज कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान मंत्री ने पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों को समय पर लाभ दिलाने और विभाग में रिक्त पदों को शीघ्र भरने के निर्देश भी दिए।बैठक में समाज कल्याण विभाग की संचालक रोक्तिमा यादव, बलरामपुर कलेक्ट राजेन्द्र कटारा, पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर रमनलाल, महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी विस्मिता पाटले, प्रभारी उप संचालक समाज कल्याण विभाग सुश्री स्टेला खलखो सहित वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दीदी ई रिक्शा योजना से आदिलक्ष्मी को मिली नई राह

## ई रिक्शा की हैंडिल थाम कर जीवन की राह हुई अब आसान

**कोंडागांव**, 16 सितंबर 2025 कोंडागांव नहरपारा की रहने वाली आदिलक्ष्मी यादव का जीवन कभी कठिनाइयों से घिरा हुआ था। परिवार की जिम्मेदारियाँ निभाने के लिए वे दूसरों के घरों में भोजन बनाकर किसी तरह रोजमर्रा का गुजारा करती थीं। लेकिन लक्ष्मी के मन में हमेशा अपने पैरों पर खड़े होकर परिवार को बेहतर भविष्य देने का सपना था।

अपने आत्मनिर्भर बनने के सपने को साकार करने के लिए उन्होंने सरकार की 'दीदी ई–रिक्शा योजना' के बारे में जानकारी ली। श्रम विभाग के अधिकारियों ने जब उन्हें इस योजना और शासन द्वारा दी जा रही आर्थिक सहायता के बारे में विस्तार से बताया, तो लक्ष्मी के जीवन की दिशा बदल गई। सरकार की इस योजना का लाभ उठाते हुए उन्होंने ई–रिक्शा खरीदी और छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीयन होने के कारण उन्हें एक लाख रुपए की सहायता राशि भी मिली। आज लक्ष्मी अपना ई–रिक्शा चलाकर प्रतिमाह 15 से 20 हजार रुपए तक की आय कर रही हैं। इस आय से वे न सिर्फ अपनी ई रिक्शा का ईएमआई किस्त समय पर जमा कर पाती हैं, बल्कि शेष राशि से अपने परिवार का भरण–पोषण भी अच्छे से कर रही हैं। उन्होंने बताया कि ई रिक्शा चलाकर अपने मेहनत से पैसा कमाकर उन्हें बहुत खुशी मिलती है। खुद की मेहनत और लगन से आगे बढ़ने की हिम्मत रखने वाली महिलाओं के लिए यह बहुत अच्छी योजना है।

लक्ष्मी भावुक होकर बताती हैं कि कभी जिन सड़कों पर वे दूसरों के घर काम करने के लिए पैदल चला करती थीं, आज उन्हीं सड़कों पर अपने स्वयं के ई–रिक्शा की सवारी करवाती हैं।

सरकार की यह योजना न केवल लक्ष्मी जैसी महिलाओं को आत्म. निर्भर बना रही है, बल्कि समाज में महिला सशक्तिकरण की नई मिसाल भी पेश कर रही है। आज लक्ष्मी आत्मविश्वास के साथ कहती हैं कि मेहनत और सही अवसर मिलने पर महिलाएँ भी हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकती हैं। आदि लक्ष्मी ने शासन से मिली सहायता के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया।

# रायपुर . प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के छत्तीसगढ़ आगमन की तैयारियों को लेकर उच्च स्तरीय बैठक सम्पन्न





पिलखा भूमि.संपादक–मनीष वैद्य

**रायपुर** 16 सितम्बर 2025 विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज विधानसभा परिसर स्थित मुख्य समिति कक्ष में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के छत्तीसगढ़ आगमन की तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई।

बैठक में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, वनमंत्री एवं संसदीय कार्यमंत्री केदार कश्यप, वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, विधायक अजय चंद्राकर, विधायक प्रबोध मिंज, विधायक भावना बोहरा, विधायक अनुज शर्मा, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा, पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्. तावित छत्तीसगढ़ प्रवास की तैयारियों का विस्तृत जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियों को समयबद्ध तरीके से और सुव्यवस्थित ढंग से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उल्लखेनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती वर्ष में आयोजित राज्योत्सव समारोह में शामिल होंगे। इस अवसर पर वे छत्तीसगढ़ विधानसभा के नवीन भवन, छत्तीसगढ़ आदिवासी संग्रहालय का लोकार्पण करेंगे तथा राज्योत्सव का शुभारंभ करेंगे।

# बलौदाबाजार–साइक्लोथॉन टूर दे बलौदा का आयोजन 28 सितंबर को

### आयोजन का पोस्टर किया गया लांच, प्रतियोगिता में पंजीयन की अंतिम तिथि 20 सितंबर सभी को साइक्लोथॉन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील




पिलखा भूमि.बलौदाबाजार

दिनांक 16 सितंबर 2025 छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष और विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर बलौदाबाजार में 28 सितंबर 2025 को एक भव्य साइक्लोथॉन टूर दे बलौदा का आयोजन किया जाएगा। साइकिल रेस 28 सितंबर को सुबह 6 बजे से प्रारंभ हा. ेगी। इसके लिए 27 सितंबर को शाम 5 बजे जिला ऑडिटिरियम में ओरिएंटेशन वर्कशॉप और किट वितरित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर के 18 वर्ष से अधिक आयु के महिला और पुरुष साइक्लिस्ट शामिल हो सकते हैं। बलौदाबाजार–भाटापारा जिले के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और वनमंडलाधिकारी ने सभी से इस आयोजन में बढ़–चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की है।

प्रतियोगिता दो श्रेणियों में पहली बार बलौदाबाजार में पहला श्रेणी में भाटापारा जिले के निवासियों के लिए और दूसरी श्रेणी अन्य जिले अथवा राज्य के निवासियों के लिए। दोनों श्रेणियों में महिला एवं पुरुष वर्ग में पृथक पुरस्कार दिए जाएंगे। बलौदाबा. जार जिले के प्रतिभागियों के लिए पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार 25 हजार रूपए, द्वितीय पुरस्कार 15 हजार रूपए और तृतीय पुरस्कार 10 हजार रूपए प्रदान किए जाएंगें। इसी प्रकार महिला वर्ग में भी प्रथम पुरस्कार 25 हजार रूपए, द्वितीय पुरस्कार 15 हजार रूपए और तृतीय पुरस्कार 10 हजार रूपए प्रदान किए जाएंगें।

जिले के बाहर के प्रतिभागियों के लिए पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार 25 हजार रूपए, द्वितीय पुरस्कार 15 हजार रूपए और तृतीय पुरस्कार 10 हजार रूपए, इसी प्रकार महिला वर्ग में भी प्रथम पुरस्कार 25 हजार रूपए, द्वितीय पुरस्कार 15 हजार रूपए और तृतीय पुरस्कार 10 हजार रूपए प्रदाय किया जाएगा। इसके अलावा – यंग राइडर और वेटरन राइडर्स के विशेष पुरस्कार भी दिए जाएँगे। साथ ही इन श्रेणियों में 10–15 टोकन ऑफ एप्रिशिएशन पुरस्कार भी दिए जाएंगे। प्रतियोगिता में पंजीयन की अंतिम तिथि 20 सितंबर 2025 रखी गई है।

# केन्द्रीय प्रभारी अधिकारी आकांक्षी जिला अन्बलगन पी ने जिले के विकास कार्यो का किया अवलोकन

## एस्ट्रोनॉमी लैब की प्रशंसा करते हुए बच्चों को विडियो विजुअल के माध्यम से और भी सशक्त करने के दिए निर्देश



पिलखा भूमि.बीजापुर,

30 अगस्त 2025 बीजापुर प्रवास के दौरान केन्द्रीय प्रभारी अधिकारी आकांक्षी जिला अन्बलगन पी ने स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल बीजापुर में एस्ट्रोना. ॅमी लैब का अवलोकन किया। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा लैब में उपलब्ध उपकरणों के उपयोग संबंधी जानकारी दी जिसमें ग्रह, नक्षत्रों, ज्वालामुखी, भूकंप, खगोलीय घटनाएं सहित फिजिक्स, कैमिस्ट्री हेतु उपलब्ध उपकरण एवं उपयोग के बारे में बताया गया। जिस पर अन्बलगन पी ने बेहतर शिक्षण व्यवस्था तथा बच्चों के लिए बहुत उपयोगी बताते हुऐ और भी सशक्त माध्यम से पढ़ाने विडियो, विजुअल दिखाने के निर्देश दिए।

सेन्ट्रल लाईब्रेरी में वीआर सेट के माध्यम से देखे विडियो– एस्ट्रोनामी लैब के पश्चात सेन्ट्रल लाईब्रेरी में पुस्तकों के रख–रखाव, लाईब्रेरी का संचालन सहित कम्प्यूटर, प्रशिक्षण प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थियों की तैयारी का भी जायजा लिया। वहीं जिला प्रशासन द्वारा बनाए गए अत्याधुनिक सेन्ट्रल लाईब्रेरी के गेमिंग जोन, वीआर सेट, टेलिस्कोप का अवलोकन कर वीआर सेट से विडियो भी देखे।

गारमेंट फैक्ट्री में रोजगारमूलक योजनाओं की तारीफ करते हुऐ उनके संचालन की जानकारी ली– भ्रमण के दौरान जिला प्रशासन द्वारा संचालित गारमेंट फैक्ट्री का अवलोकन कर रोजगार मूलक गतिविधियों के संचालन हेतु जिला प्रशासन के अनुकरणीय पहल बताते हुए गारमेंट फैक्ट्री के संचालन कार्यरत श्रमिको के मानदेय संबंधी जानकारी ली। ज्ञात हो कि बीजापुर के गारमेंट फैक्ट्री में महिलाओं के रोजगार हेतु स्थापित किया गया है।

जिसमें दो सौ से अधिक महिलाएं वर्तमान में कार्यरत हैं। नक्सल पीड़ित महिलाओं को विशेष प्राथमिकता देते हुऐ रोजगार मुहैया कराया जा रहा है। जिसमें अप्रशिक्षित एवं प्रशिक्षित महिलाओं को अलग–अलग मानदेय एवं अन्य सहायता प्रदान किया जाता है।

इस दौरान कलेक्टर श्री संबित मिश्रा, सी. ईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता चौबे सहित अधिकारीगण मौजूद थे।

# छत्तीसगढ़ में महिलाओं और बच्चों के विकास के प्रयास सराहनीयरू केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी

## केन्द्रीय मंत्री ने किया निमोरा मॉडल आंगनबाडी केन्द्र का अवलोकन





पिलखा भूमि.संपादक–मनीष वैद्य

रायपुर, 17 सितम्बर 2025६ राजधानी रायपुर प्रवास के दौरान केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी ने आज निमोरा स्थित मॉडल आंग. नबाड़ी केन्द्र–1 का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने केन्द्र में पंजीकृत बच्चों से आत्मीय मुलाकात की, उन्हें गोद में उठाकर दुलारा और उनके लिए संचालित गतिविधियों एवं सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया।

### आंगनबाड़ी केन्द्रों की भूमिका की सराहना

केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से बच्चों के पोषण, शिक्षा और संपूर्ण विकास के लिए जो प्रयास किए जा रहे हैं, वे अन्य राज्यों के लिए भी अनुकरणीय हैं। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में ईसीसीई **Early Childhood Care and Education** गतिविधियों के अंतर्गत न केवल बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जा रहा है, बल्कि उन्हें खेल–खेल में शिक्षा भी दी जा रही है। इससे बच्चों की बौद्धिक, सामाजिक और शारीरिक वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान मिल रहा है।

### राष्ट्रीय पोषण माह की प्रासंगिकता पर जोर

अन्नपूर्णा देवी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आज "स्वस्थ नारी सशक्त परिवार" के संकल्प के साथ राष्ट्रीय पोषण माह के आठवें संस्करण की शुरूआत की गई है। यह अभियान म. हिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य सुधार, कुपोषण उन्मूलन और परिवार की खुशहाली के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। श्रीमती अन्नपूर्णा देवी ने आम नागरिकों से आह्वान किया कि वे इस अभियान में सक्रिय रूप से शामिल हों और स्वस्थ समाज निर्माण में योगदान दें।

आंगनबाड़ी केन्द्र में आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री ने गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की रस्म अदा की और बच्चों का अन्नप्राशन कराया। उन्होंने सुकन्या समृद्धि योजना और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लाभार्थियों से भी संवाद किया तथा उन्हें योजनाओं से अधिक से अधिक लाभ उठाने की प्रेरणा दी।

### बच्चों की प्रतिभा को सराहा

कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने बाल–गीत प्रस्तुत किए, जिसे सुनकर केन्द्रीय मंत्री ने बच्चों की प्रतिभा की प्रशंसा की। उन्होंने बच्चों को फल एवं उपहार प्रदान किए। केन्द्रीय मंत्री ने स्वस्थ बालक–बा. लिका प्रतियोगिता और पौष्टिक व्यंजन प्रतियोगिता के विजेताओं को भी सम्मा. नित किया गया।

केन्द्रीय मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी ने आंगनबाड़ी परिसर में अमरूद, मुनगा, जामुन और आम के पौधे लगाकर हरित वातावरण और पोषण सुरक्षा का संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि पौधरोपण न केवल पर्यावरण की रक्षा करता है बल्कि बच्चों को ताजगी भरा माहौल भी प्रदान करता है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ क महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रा. जवाड़े, राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा, केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग के अतिरिक्त सचिव लव अग्रवाल, छत्तीसगढ़ शासन की सचिव श्रीमती शम्मी आबिदी, विभागीय संचालक श्री पी.एस. एल्मा, रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी–कर्मचारी बड़ी संख्या में उप. स्थित रहे।

# 'सरगुजा पुलिस के अधित व्हाट्सऐप चौनल से जुड़ने लिंक एवं क्यू. आर. कोड जारी, नागरिक सीधे अपने शहर की सुरक्षा एवं महत्वपूर्ण जानकारियों से हो सकेंगे अवगत।

## विश्वसनीय एवं सत्यापित सूचना, अफवाहों का खंडन एवं आपराधिक गति. विधियों की सूचना से कराया जायगा अवगत।

पिलखा भूमि.सरगुजा

इंटरनेट की सहायता से जहां लोगों के काम आसान हुए हैं वहीं ऑनलाइन ठगी के मामले भी बढे हैं, अलर्ट रहने के बावजूद भी लोग ऑनलाइन ठगी के शिकार हो रहे हैं, ठगों द्वारा लोगो को कई प्रकार के झांसे जैसे एपीके फाइल डाउनलोड करवाकर, क्रेडिट कार्ड का लिमिट बढ़वाने के नाम पर एवं अन्य झांसे देकर धोखे से अकाउंट में पैसे ट्रांसफर करवाकर ऑनलाइन ठगी की जा रही हैं, ठगी करने के लिए जालसाज नये नये तरीके ईजाद कर रहे हैं, साइबर ठगी के नये तरीकों और उनसे बचाव पर आमनागरिकों कों सतर्क रहने एवं साइबर ठगी से बचने के विभिन्न सुरक्षात्मक उपाय के सम्बन्ध मे जानकारी देने हेतु सरगुजा पुलिस द्वारा व्हाट्सऐप चौनल ष्हमर सरगुजा पुलिसष की शुरुवात की गई है। सरगुजा पुलिस के उक्त व्हॉट्सऐप चौनल से जुड़कर अब नागरिक सीधे अपने शहर की सुरक्षा और महत्वपूर्ण जानकारियों से जुड़ सकते हैं। चौनल ना सिर्फ आपको आपातकालीन अपडेट देगा, बल्कि सामुदायिक सुरक्षा में आपकी भागीदारी भी सुनिश्चित करेगा। एक सुरक्षित और जागरूक समाज बनाने की दिशा में एवं नागरिकों को सीधे सटीक सूचना प्रदान करने के उद्देश्य से उक्त व्हाट्सऐप चौनल का निर्माण किया गया है।

सीधी और सटीक जानकारी– पुलिस का व्हॉट्सऐप चौनल आपको किसी भी घटना, सूचना या अपडेट के बारे में सीधी जानकारी देता है। इसका मतलब है कि आपको विश्वसनीय और सत्यापित खबरें मिलेंगी, जो अक्सर सोशल मीडिया पर फैलाई जाने वाली अफवाहों से अलगहोती हैं। यह आपको गलतफहमी से बचाता है और सही समय पर सही जानकारी देता है।

सुरक्षा और सतर्कता – यह चौनल आपको आपके इलाके में होने वाली किसी भी आपराधिक गति. विधि, जैसे चोरी, धोखाधड़ी, या अन्य अपराधों के बारे में तुरंत सूचित कर सकता है। इसके माध्यम से, पुलिस आपको आवश्यक सावधानी बरतने और खुद को सुरक्षित रखने के लिए समय–समय पर महत्वपूर्ण सुझाव भी देती है।**आपातकालीन सहायता और ट्रैफिक अपडेट** किसी भी आपातकालीन स्थिति या सड़क पर जाम के बारे में आपको तुरंत अलर्ट मिलेगा। यह चौनल आपको ट्रैफिक नियमों और रूट डायवर्जन के बारे में भी जानकारी देगा, जिससे आपकी यात्रा आसान हो सके।**सामुदायिक भागीदारी**–इस चौनल से जुड़कर आप केवल जानकारी प्राप्त नहीं करते, बल्कि आप अपने शहर एवं जनसमुदाय की सुरक्षा में एक महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाते हैं। आपको पुलिस की विभिन्न जागरूकता अभियानों और कार्यक्रमों के बारे में भी पता चलेगा, जिसमें आप भाग ले सकते हैं। यह आपको अपने आस–पड़ोस में सुरक्षा का माहौल बनाने में मदद करेगा। यह व्हॉट्सऐप चौनल नागरिकों और पुलिस के बीच सीधा संपर्क स्थापित करेगा साथ ही आपको सुरक्षित और जिम्मेदार नागरिक बनाता है आमनागरिक अधिक से अधिक संख्या मे सरगुजा पुलिस के ऑफिसियल व्हाट्सऐप चौनल को फॉलो करें, व्हाट्सऐप चौनल का लिंक एवं क्यू. आर. कोड दिया जा रहा है।https://whatsapp.com/channel/0029Vb6AX5pKgsO0nTDxlm1i

स्वामी, प्रकाशक मनीष वैद्य द्वारा मुद्रक रूपेश दुबे आर्यन ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस पावर हाउस रोड नमना कला अंबिकापुर, जिला सरगुजा छ, ग से मुद्रित करा कर एम,जी रोड संजयनगर (अजबनगर) जिला सूरजपुर छ, ग से प्रकाशित। संपादक – मनीष वैद्य मो0 नं0 – 9165046978